www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 शनिवार 28.10.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सदस्य को शपथ दिलाई

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
शिमला
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में आयोजित गरिमापूर्ण समारोह में डा. अंजू शर्मा को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित थीं।हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक केवल सिंह पठानिया और मलेंद्र राजन, हिमाचल लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ठाकुर, लोकायुक्त न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बारोवालिया, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, हिमाचल लोक सेवा आयोग की सदस्य डा. रचना गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, सचिव बागवानी राकेश कंवर, निदेशक पर्यटन अमित कश्यप, हिमाचल लोक सेवा आयोग के सचिव डीके रतन, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने कार्यवाही का संचालन किया।

त्यौहारों पर बंद हो शराब की दुकानें नशा तस्करी में विफल सरकार अब कानून व्यवस्था में भी विफल : भाजपा

पिछड़ा क्षेत्र उप योजना के तहत व्यय होंगे 1 करोड़ 57 लाख

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
शिमला,
भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद व प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने एक संयुक्त बयान में कहा।
बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार दशहरा देवभूमि मेंकाली रात लेकर आया जिसने देवभूमि को शर्मसार किया है। जिला सोलन के चायल क्षेत्र में एक अप्रवासी महिला अपने पती के साथ दशहरा मेला देखने के पश्चात गांव की ओर जा रही थी, वही जंगल में उसके पती को चार लोगों द्वारा महिला के वस्त्रों से बांधकर बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। अगले दिन यह मामला स्थानीय ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद पुलिस चौकी पहुंचा आरोपियों को गिरफ्तार

कर पुलिस ने न्यायालय के हवाले तो कर दिया लेकिन इस घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। पर्यटक स्थलों से ऐसी घटना आना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है आंखें मूंदी सुखु की सरकार की नींद कब खुलेगी, प्रदेश अभी गुड़िया कांड भूला नहीं था इस शर्मसार घटना ने प्रदेश का सर झुका दिया है। आखिर ऐसी घटनाएं कांग्रेस के कार्यकाल में क्यों होती हैं यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न है मुख्यमंत्री को स्वयं जनता के बीच आकर इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए व नैतिकता के आधार पर जिला के मंत्री धनीराम शांडिल को तुरंत प्रभाव से त्यागपत्र दे देना चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री महोदय नाटियों मैं मसरूफ रहते हैं और कानून व्यवस्था चरमरा रही है।
गत एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है इससे पूर्व बद्दी में भी ऐसा ही प्रकरण हो चुका है।
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार से यह अपील करती है 26 जनवरी, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर की भांति सभी त्यौहारों के दिन शराब की दुकानें बंद होनी चाहिए, ताकि नशे में डूबे अपराधियों से हमारे देश प्रदेश की बहन बेटियों के आबरू सुरक्षित रहे।
और यह विशेष अधिकार प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में है।
मेले-संस्कृतियों में महिलाओं को सुरक्षित रखना प्रदेश सरकार की जिम्मेवारी है और सरकार इसमें फेल हो रही है। भाजपा ने कड़ा हमला बोलते हुए कहा 10 महीने में जिस प्रकार कानून व्यवस्था की हालत खराब हो रही है। इस पर तुरंत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए अन्यथा राज्यपाल महोदय को तुरंत हस्तक्षेप करते हुए संज्ञान लेना चाहिए।
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में आपराधिक घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करती है। वह मुख्यमंत्री को आगाह करती है कि अगर तुरंत स्पष्टीकरण नहीं आता है। तो हम एक बड़े आंदोलन की और बढ़ेंगे।

गुजरात के अहमदाबाद में होगा नेचरोपैथी योग और योग महोत्सव का आयोजन

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
अहमदाबाद,
इंटरनेशनल नेचरोपैथी आर्गनाइजेशन और गुजरात राज्य योग बोर्ड द्वारा जी एम ई आर एस (ऋटएफर)मेडिकल कॉलेज शोला अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में 4 और 5 नवंबर को दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया है। जिसमें गुजरात में पहली बार मॉडर्न साइंस (शोला मेडिकल कॉलेज) ट्रेडिशनल साइंस (आयुष) मिश्रित होगा। शोला मेडिकल कॉलेज के साथ आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवम गुजरात राज्य योग बोर्ड, इंटरनेशनल नेचरोपैथी आर्गनाइजेशन (कठड) दिल्ली के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहली बार एलोपैथिक ,आयुर्वेदिक, नेचरोपैथी योग यूनानी होमियोपैथी के विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में

गुजरात राज्य योग बोर्ड के चेयरमैन योग सेवक शीशपाल राजपूत का योग संवाद, आयुष मंत्रालय और शोला मेडिकल कॉलेज के साथ प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा । इस कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ , डॉक्टर्स, साइकोलॉजिस्ट, फिलोस्फर, खेल विशेषज्ञ, न्यूट्रीसियन, डायटिसियन, फिजियोथैरेपिस्ट ,प्राकृतिक चिकित्सक भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद के शोला में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आईएनओ भारत के प्रमुख अनंत बिरादर, गुजरात राज्य योग बोर्ड कच्छ क्षेत्र के जोन कॉर्डिनेटर विजय कुमार सेठ , कवि व योग शिक्षक डॉ. शैलेंद्र कुमार तिवारी , योग शिक्षक शंकर शर्मा रमा वत्स , डार्गी सेठ, सौदामिनी सिन्हा के साथ कई गण्यमान्य उपस्थित थे।

नाहन बाजार में दुकान से बाहर सामान लगाने पर बैन

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
नाहन,
नाहन शहर के बाजार में दुकानों से बाहर अवैध कब्जा कर समान बेचने वालों के खिलाफ नगर परिषद नाहन ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। यही नहीं इस एक्शन प्लान में तहबजारियो को भी विशेष रूप से शामिल किया गया है। असल में शहर के प्रबुद्ध जनों के द्वारा नगर परिषद नाहन में यह शिकायत की गई कि शहर के बाजार में पैदल चलना अब मुश्किल हो गया है। मनीराम, जीतू ठाकुर, हरीश जैन, राकेश पुंडीर, जितेंद्र थापा, राजेंद्र सैनी आदि ने तो यहां तक आरोप लगाया कि नगर परिषद के कुछ कर्मचारी अपने अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर निजी स्वार्थ के तहत अवैध कब्जा तथा तहबाजारी के खिलाफ बनाए गए नियमों का पालन नहीं करवाते। इनका कहना यह भी है कि शहर के पूरे बाजार और गलियों में अवैध कब्जों की भरमार लग चुकी

है। लोगों का तो यहां तक भी कहना है कि यदि पैदल चलते हुए जगह कम होने के कारण किसी दुकानदार का बाहर रखा सामान गिर कर टूट जाता है तो दुकानदार राहगीर के साथ बदसलूकी भी करने पर आमदा हो जाते हैं।
शहर के दिल्ली गेट से गुन्नूघाट, बड़ा चौक, छोटा चौक यहां तक कि बस स्टैंड के आसपास अधिकतर बाजार व गलियों में अवैध कब्जा हुआ तहबाजारी की इन दिनों भरमार लगी हुई है। वहीं लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नाहन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के द्वारा पुलिस गार्ड के लिए पुलिस अधिकारियों को सूचित भी कर दिया गया है। अब नाहन नगर परिषद कभी भी किसी भी समय एक्शन मोड में आ सकती है। नाहन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि उनके द्वारा अवैध कब्जा धारी पर कार्यवाही किए जाने को लेकर पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। उन्होंने तहबजारियो और अवैध कब्जाधारी दुकानदारों से अंतिम अपील करते हुए कहा कि दुकान से बाहर गली में रखा सामान तुरंत दुकान के अंदर रख लिया जाए।

बाहरी राज्यों से फर्जी डिग्री लेकर शिक्षा विभाग में कार्यरत लोगों के खिलाफ होगा एक्शन, जांच अभी प्रारंभिक स्तर पर : शिक्षा मंत्री

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
शिमला,

बीते दिनों हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय के पास सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे कुछ शिक्षकों के खिलाफ फर्जी डिग्री होने की शिकायत पहुंची जिसके बाद इस मामले पर जांच के आदेश जारी किए गए! इसके बाद अब इस मामले में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि गलत तरीके से शिक्षा विभाग में रोजगार लेने वाले लोगों के खिलाफ विभाग जल्द ही कार्रवाई करेगा!
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह मामला प्रकाश में है जिसके बाद उन्होंने भी इस मामले में संज्ञा लिया है! उन्होंने कहा कि जिंदगी लोगों ने बाहरी राज्यों से गलत तरीके से डिग्रियां लेकर हिमाचल प्रदेश में रोजगार पाया है विभाग उनके खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई करेगा! रोहित ठाकुर ने कहा कि जांच अभी प्रारंभिक स्तर पर है और तमाम तथ्य सामने के आने के बाद ही इस पर विभाग एक्शन लेगा
दरअसल बीती दोनों हिमाचल प्रदेश में सबको हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ! हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में कुछ लोगों के पास फर्जी डिग्री होनी की शिकायत सामने आई! जिसके बाद निदेशालय ने संज्ञान लिया और जांच के आदेश जारी किए! कुछ शिक्षकों की फर्जी भी डिग्रियां पाई गई! हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले बहुत सरे टीजीटी, सीएंडवी और स्कूल प्रवक्ता न्यू की डिग्रियों और सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। जिला शिक्षा उपनिदेशकों को अपने स्तर पर जांच पूरी कर निदेशालय में रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया है। तो वहीं विजिलेंस भी जांच में जुटी हुई है। बीते दिनों विजिलेंस की टीम ने बिहार के मगध विश्वविद्यालय में जाकर जब इन डिग्रियों की पड़ताल की तो वे फर्जी निकलीं।

जेएनवी पंडोह में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 4 नवंबर को

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
मंडी,
जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छठी कक्षा में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 4 नवंबर को आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य एस.डी.शर्मा ने बताया कि चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र केन्द्रीय माध्यमिक बोर्ड के ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल के लिंक सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरसीआईएल डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से डाउनलोड किए जा सकते हैं । परीक्षा के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की यह प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इसे लेकर अधिकारिक सूचना नवोदय विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट नवोदय डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी साझा की गई है।
एस.डी.शर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के इस बार दो तिथियों पर होने के संदर्भ में स्पष्ट किया कि शीतकालीन विद्यालयों के लिए परीक्षा 4 नवम्बर 2023 को और ग्रीष्मकालीन विद्यालयों के लिए 20 जनवरी 2024 को आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत जिला मंडी के लिए यह चयन परीक्षा 4 नवम्बर 2023 को ही होनी निश्चित हुई है।
उन्होंने मंडी जिले के रहने वाले एवं जिले में ही अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों तथा समस्त अध्यापकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को 4 नवम्बर को प्रवेश पत्र में दिए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के लिए लेकर पहुंचें।
अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह, जिला मंडी (हि.प्र.) के कार्यालय दूरभाष न. 01905-282046, 9816999573, 9805319303, 9418160145 और 8219817435 पर किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री सुक्खू एम्स में हुए भर्ती, दो -तीन रहेंगे डॉक्टरों की निगरानी में

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
दिल्ली,
:-मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में कुछ परीक्षणों के लिए शुक्रवार सुबह नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है. विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उनके परीक्षण शुरू कर दिए हैं. इस प्रक्रिया में लगभग दो से तीन दिन लग सकते हैं। मुख्यमंत्री की सेहत पहले से बेहतर बताई जा रही है.वह डॉक्टरों की टीम की निगरानी में हैं. आईजीएमसी शिमला के डॉक्टरों की सलाह पर मुख्यमंत्री को एम्स में भर्ती कराया गया है।

नशे से हिमाचल की युवाओं की हो रही मौत : अंकुश

ब्यूरो हिमालयन अपडेट
मंडी,
हिमाचल में चिठ्ठा युवाओं की जान ले रहा है। हर रोज कोई ना कोई इस नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति काल का ग्रास बन रहा है जो की बेहद चिंता का विषय है। मंडी में इंटक के जिला अध्यक्ष अंकुश मोहन ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार और प्रशासन जहां इसके विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इसकी तस्करी करने वाले कोई नए.नए तरीके

निकाल कर इसे आसानी से शिक्षण संस्थाओं और अन्य युवाओं को इस जहर को मुहैया करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत गंभीर समस्या है जिसके लिए सभी लोगों को कमर कसने की जरूरत है।
कुछ लोग अभी भी इस भयानक जहर के दुष्प्रभावों नजरअंदाज कर रहे हैं जो की आने वाले समय में उन लोगों के लिए बेहद चिंताजनक हो सकता है। यह एक ऐसा जहर है जो एक बार किसी के मुंह में जाने पर उसे अपना गुलाम कर लेता है और इससे प्रभावित व्यक्ति इसे चाह कर भी नहीं छोड़ पाता उसे डॉक्टरी परामर्श की सख्त जरूरत रहती है, जिससे कुछ लोग घबराते है की कही समाज उनका बहिष्कार न कर दे। अंकुश ने इस जहर से प्रभावित व्यक्तियों से कहा है है की वो इसे छोडने के लिए डॉक्टर के पास जाएं या किसी नशा निवारण केंद्र का रुख समय रहते करें। वो इस जहर के खिलाफ गंभीरता से लड़ाई लड़ रहे हैं इसका असर छोटी काशी मंडी में देखने को मिल रहा है। बहुत से युवा जो कि इस नशे के आदि थे उन्हें डॉक्टरी परामर्श देकर और कुछ को नशा निवारण केंद्र में भर्ती करवा कर उनकी इस बीमारी को खत्म करने की कोशिश जारी है। जहां तक नशा तस्करों पर नकेल कसने की बात है तो अभी तक बहुत से अपराधियों को पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जेल की सलाखों के पीछे डाला जा रहा है और ये सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक ये मानेंगे नहीं।